Title: Regarding issuing tender for supply and disribution of foodstuff to the school children by Maharashtra Government.

श्री अनंत गुढे (अमरावती) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मामला सदन में उठाना चाहता हूं। यह महाराष्ट्र सरकार का भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा तरीका है। केन्द्र सरकार की तरफ से स्कूल में जो बच्चे पढ़ते हैं, उनकी स्कूल में उपस्थिति रहनी चाहिए इसलिए हर बच्चे को हर महीने तीन किलो चावल या अन्य कोई अनाज दिया जाता है। पूरे देशभर में यह योजना केन्द्र सरकार के माध्यम से राज्य सरकार चलाती है।

महाराष्ट्र में भी यह योजना चल रही है, लेकिन इस साल महाराष्ट्र में इस योजना में जो टेंडर निकाले हैं, उन टेंडर्स में बहुत बड़ा घपला हुआ है। पूरे वर्तमान पत्रों में, न्यूज पेपर्स में इसकी न्यूज आई हुई है। इस योजना में 30 से 40 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार पूरे महाराष्ट्र में हो रहा है।

मेरा सरकार से निवेदन है कि इस बात की तुरन्त जानकारी करनी चाहिए और जब तक इसके सही तथ्य बाहर नहीं आते, तब तक महाराष्ट्र में योजना को स्थगित कर देना चाहिए, क्योंकि बच्चों को यह अनाज नहीं मिलता है और बाकी लोग अनाज खा जाते हैं। जिनको इसका टेंडर मिलना चाहिए, वह मिला नहीं है और बहुत बड़ा करप्शन इस योजना में है।